# पाठ 17

## कैलेण्डर



इन्द्रधनुष का चित्र दिखाते हुए अध्यापक ने पूछा- इस इन्द्रधनुष में कितने रंग हैं ?

..................

इन्द्रधनुष के रंगांे की तरह सप्ताह के भी सात दिन होते हैं। क्या तुम लोग इन सात दिनों के नाम बता सकते हो ?

बच्चों ने बताया -

सोमवार, मंगलवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार, रविवार

इन्हें अंग्रेजी में क्रमशः-

monday,tuesday,wednesday,thurrsday,friday,saturday,sunday,

कहते हैं।

क्या हम किसी तारीख को देखकर उस तारीख वाले दिन के बारे में जान सकते हैं ?

इसे जानने के लिए हम कैलेण्डर की मदद लेते हैं।

आओ कैलेण्डर देखें और समझें -




- यह वर्ष 2019 के माह जनवरी का कैलेण्डर है।
- माह का पहला दिन या 1 तारीख को मंगलवार है। इसी प्रकार 7 तारीख को सोमवार होगा।
- हमने देखा कि इस कैलेण्डर में किसी निश्चित तारीख वाले दिन को जानने के लिए तारीख के स्तम्भ में ऊपर लिखे दिन को देखते हैं। जैसे- इस कैलेण्डर में 4, 11, 18, 25 तारीख को शुक्रवार है।
- जनवरी 2019 का कैलेण्डर देखो और प्रश्नों के उत्तर दो -
- 19 जनवरी को कौन-सा दिन होगा ?
- जनवरी माह में कितने रविवार हैं ?
- जनवरी माह की अन्तिम तारीख पर कौन-सा दिन होगा ?
- दूसरे सोमवार को कौन-सी तारीख है ?

आओ जानें कैलेण्डर की विशेष बातें


- कैलेण्डर में कुछ तारीखें लाल रंग से दिखायी जाती हैं। जैसे रविवार को पड़ने वाली तारीखें। ये अवकाश के दिन हैं।

- विशेष दिवस, त्योहार व पर्वों को भी लाल रंग से दिखाया जाता है। जैसे 26 जनवरी, 15 अगस्त, 2 अक्टूबर, होली, दीपावली, दशहरा, ईद, क्रिसमस, बैसाखी आदि।

दिये गये जनवरी 2019 के कैलेण्डर को देखो और जानो -

- इसमें 6, 13, 20 और 27 को रविवार है।
- 1 जनवरी को नववर्ष दिवस है।
- 14 जनवरी को मकर संक्रंाति है।
- 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस है।

महीनों में दिनों की संख्या



दिए गए चित्र के अनुसार मुट्ठी बाँधकर देखें तो उठा हुआ भाग 31 दिन वाले महीने को तथा गहरा वाला भाग 30 दिन वाले महीने को प्रदर्शित करेगा। एक वर्ष में 12 महीने होते हैं इसमें से जनवरी, मार्च, मई, जुलाई, अगस्त, अक्टूबर और दिसम्बर महीनांे में दिनों की संख्या 31 होती है। फरवरी माह 28 या 29 दिन का होता है। शेष महीने 30 दिन के होते हैं।

- कितने महीनों मंे दिनों की संख्या 31 होती है?
- अप्रैल, जून, सितम्बर तथा नवम्बर माह कितने-कितने दिनों के होते हैं ?

**दशक तथा शताब्दी वर्ष**

1 दशक = 10 वर्ष

1 शताब्दी = 100 वर्ष

1700, 1800, 1900, 2000, .......... को शताब्दी वर्ष कहते हैं।

वे वर्ष जिनके अन्त में ‘00’ होता है, शताब्दी वर्ष होते हैं।

अधिवर्ष (स्मंच लमंत)

शताब्दी वर्ष को छोड़कर वे वर्ष जो 4 से पूरा-पूरा विभाजित हो जाते हैं, उन्हंे अधिवर्ष कहते हैं। इसका मतलब हुआ कि अधिवर्ष 4 वर्ष में एक बार आता है। जैसे- 2008, 2012, 2016 अधिवर्ष था। 2020 अगला अधिवर्ष होगा। अध्िावर्ष होने के कारण इस वर्ष की फरवरी में 1 दिन जोड़ दिया जाता है। परिणाम स्वरूप फरवरी 28 के बजाय 29 दिन की होती है। इस तरह अधिवर्ष में दिनों की संख्या 365 के बजाय 366 होती है।

वर्ष फरवरी माह में दिनांे की संख्या

2012 28 दिन

2014 29 दिन
2016 28 दिन
2018 29 दिन

शताब्दी वर्ष जैसे– 1700, 1800, 1900 या 2000 आदि के अधिवर्ष होने की जाँच करने के लिए इन वर्षों को 400 से विभाजित करते हैं। यदि शताब्दी वर्ष 400 से पूरा–पूरा विभाजित हो जाता है तो वह अधिवर्ष होगा अन्यथा नहीं।

**देखो, समझो और पूरा करो –**

| वर्ष | फरवरी के दिन | वर्ष के दिन |
|---|---|---|
| 2001 | 28 | 365 |
| 2004 | —— | 366 |
| 2007 | 28 | —— |
| 2020 | —— | —— |
| 2024 | —— | —— |

**आओ दिनांक लिखना सीखें**

दिनांक लिखने के लिए–

- सबसे पहले दिन का क्रमांक लिखते हैं।
- फिर माह का क्रमांक लिखते हैं।
- और अन्त में वर्ष का क्रमांक लिखते हैं।

**जैसे** ग्यारह जनवरी दो हजार उन्नीस को हम इस प्रकार लिखते हैं–

दिन माह वर्ष
11 . 01 . 2019

**हम सीख गए**

- 4 से विभाजित होने वाला वर्ष अधिवर्ष कहलाता है।
- अधिवर्ष 4 वर्ष में एक बार आता है।
- अधिवर्ष में फरवरी 29 दिन की होती है। अतः इसमें 366 दिन होते हैं।
- अपने दैनिक जीवन में समझ के साथ कैलेण्डर का प्रयोग करना।

## अभ्यास

*1. अक्टूबर माह में कितने दिन होते हैं ?*
*2. उन महीनों के नाम लिखो जिनमें 30 दिन होते हैं ?*
*3. वर्तमान वर्ष के नवम्बर माह का कैलेण्डर बनाओ। 21 नवम्बर को कौन-सा दिन होगा ?*
*4. वर्तमान वर्ष में कुल कितने रविवार पड़ेंगे ?*
*5. वर्ष 2019 के बाद के कौन से तीन वर्ष अधिवर्ष होगें ?*
*6. यदि किसी वर्ष की 15 जनवरी को मंगलवार है तो उसी वर्ष के -*
*(क) फरवरी माह की पहली तारीख को कौन सा दिन होगा ?*
*(ख) 20 फरवरी को कौन सा दिन होगा ?*

*7. जूली 13 जून को अपने मामा के घर गई और 3 जुलाई को घर वापस लौटी। जूली अपने मामा के घर कुल कितने दिन रही ?*
*8. आयुष 20 मई को बनारस अपने बड़े पापा के घर गया। 1 जुलाई को अपने घर वापस आया। यदि 20 मई को रविवार हो तो 1 जुलाई को कौन-सा दिन होगा ?*
*9. इस वर्ष के गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के दिनांक को लिखो ।*